तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 अगस्त 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बच्चों के शैक्षणिक विकास में जितनी ...


10 विदेशी मदिरा के लिए 70 कंपनियों ने दिया रेट ...



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-11/08/24

## अपराध : सिमगा-जबलपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम जेवरा की घटना

# चोर नहीं तोड़ पाए तो 6.28 लाख से भरा एटीएम उखाड़कर ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला मुख्यालय के समीप सिमगा-जबलपुर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम जेवरा में रूपए निकाल पाने में सफल नहीं होने पर चोरों ने नोटों से भरा एटीएम ही उखाड़ कर ले गए। एटीएम सहकारी केंद्रीय बैंक का है, जो जेवरा शाखा में स्थित है। गुरुवार सुबह जब लोग वहां से गुजरे तो एटीएम चोरी होने के बारे में पता चला। एटीएम का कांच टूटा हुआ था और अंदर एटीएम गायब था। बैंक से मिली जानकारी के अनुसार एटीएम में 6 लाख 28 हजार रुपए थे। उधर, जहां एटीएम चोरी की घटना से नगर सहित आसपास में चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार किसानों को सुविधा देने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की तरफ से जिले के अलग-अलग ब्रांच में एटीएम की व्यवस्था दी गई है। ताकि लोगों को पैसे निकालने में ज्यादा समय ना लगे और आसानी से लोगों का काम हो जाए। इसी के तहत सहकारी केंद्रीय बैंक जेवरा ब्रांच में भी एटीएम लगाई गई थी। बुधवार रात को चोर एटीएम में घुसे और रुपये नहीं निकाल पाने पर पूरा एटीएम उखाड़ कर ले गए। वहीं, एटीएम चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद बेमेतरा सिटी कोतवाली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच की जा रही है।

### रात्रि लगभग 2 बजे की घटना

पुलिस सूत्रों की अगर मानें तो घटना रात्रि में लगभग 2 बजे के आसपास की बताई जा रही है। चोरों ने द्वारा सबसे पहले सीसी कैमरे को डैमेज किया। उसके बाद घटना को अंजाम दिया। हालांकि घटना की जानकारी पुलिस को होने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और फोरेंसिक सहित डॉग स्क्वॉड को भी घटनास्थल पर लाकर आवश्यक कार्रवाई में लगी रही। पुलिस जानकारों का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले पेशेवर नजर आ रहे हैं, क्योंकि मुख्य मार्ग का उपयोग न कर गांव की गलियों का उपयोग चोरी के लिए किया है।

### सुरक्षा के लिए गार्ड नहीं

मेन रोड से महज 50 मीटर की दूरी पर गांव में लगाई गई एटीएम की सुरक्षा के लिए कोई गार्ड तैनात नहीं है। वह केवल कैमरे के भरोसे एटीएम संचालित हो रहा है। बीते कुछ दिनों से रात में पुलिस पेट्रोलिंग भी बंद है, जिसकी वजह से चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं।

### पहले भी हो चुका है प्रयास

हालांकि एटीएम को निशाना बनाने का जिले में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा ठेलका साजा क्षेत्र में चोरों ने बैंक की तिजोरी को तोड़ने का प्रयास किया था, पर उन्हें सफलता नहीं मिल पाई थी। बाद में पुलिस ने इस मामले के आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया। किंतु राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित उक्त एटीएम में जिस तरह से अज्ञात चोरों ने एटीएम ले जाने का हौसला दिखाया है, निश्चित रूप से यह पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

# प्रेमिका ने दी संबंध तोड़ने की धमकी, प्रेमी ने काट दिया गला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बेरला थाना पुलिस ने किया ग्राम बोरिया में हुई हत्या का खुलासा
- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बेरला थाना इलाके अंतर्गत ग्राम बोरिया क्षेत्र में करोकन्या मन्दिर समीप हुए एक महिला की मर्डर का खुलासा पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कर दिया। प्रेमप्रसंग में चक्कर में प्रेमी ने अपनी प्रेमिका के गला को धारनुमा हथियार से काटकर हत्या कर घटनास्थल से फरार हो गया था। घटना के बाद चंद घण्टों में ही पुलिस ने आरोपी रामपाल साहू को उसके गांव बैजलपुर से गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक बेरला थाना में बीते बुधवार बोरिया के सरपंच रामसिंह गायकवाड़ ने सूचना देकर बताया कि उनके पंचायत एरिया में स्थित करोकन्या मंदिर के पास एक अज्ञात महिला की लाश मिली है। जिस पर बेरला थाने की टीम मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर प्रकरण क्रमांक 244/2024 में बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत मामला दर्ज किया। एसपी रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन एवं उच्च अफसरों के दिशानिर्देश पर बेरला थाना प्रभारी मयंक मिश्रा ने टीम बनाकर केस सम्बंधित सभी पहलुओं की बारीकी से जांच-पड़ताल शुरू कर दी। घटनास्थल पर से कुछ खास सबूत पाया। जिसके आधार पर मृतक महिला कुम्हारी के कुगता बस्ती इलाके की 22 वर्षीय पार्वती ध्रुव पति चन्दन ध्रुव के रूप में शिनाख्त की गई। वही आरोपी युवक को सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बैजलपुर निवासी पिता स्व. बिसरू साहू के रूप में पतासाजी कर तत्काल पकड़कर थाने ले जाकर पूछताछ में शादीशुदा प्रेमी आरोपी ने जुर्म कबूल कर बताया कि उनका शादीशुदा महिला पार्वती से काफी समय से अफेयर चल रहा था। जिसके ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### मोटवानी ने नपं थानखम्हरिया का लिया प्रभार



**थान खम्हरिया।** नगर पंचायत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकास नारायण ठाकुर की उपस्थिति में नवपदस्थ इंजीनियर संजय मोटवानी ने प्रभार लिया। उन्हें नवागढ़ व नवीन नगर पंचायत दाढ़ी के प्रभार के साथ थानखम्हरिया नगर पंचायत का भी प्रभार दिया गया है। यह आदेश संयुक्त संचालक नगरिय प्रशासन एवं विकास विभाग क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग द्वारा दिया गया। नगर पालिका बेमेतरा में लंबे अरसे तक पदस्थ रहे हैं।

### स्वतंत्रता दिवस पर बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को शुष्क दिवस घोषित किया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार जिला बेमेतरा में स्थित समस्त देशी मदिरा दुकानें सी.एस.-2 (घघ), समस्त विदेशी मदिरा दुकानें एफ.एल.-1 (घघ),समस्त देशी/विदेशी कम्पोजिट मदिरा दुकानें सी.एस. - 2 (घघ-कम्पोजिट) एवं समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता सी.एस.2 (ग-अहाता), सी.एस.2 (ग-कम्पोजिट अहाता) एवं एफ.एल, (ख-अहाता) 15 अगस्त को पूर्णतः बंद रहेंगे। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### तांदुला का जलस्तर बढ़ा, 36 फीट हुआ



**बालोद।** जिले में बीते दो दिनों से उमस भरी गर्मी के बाद फिर से बारिश का सिलसिला जारी है। कभी बादल छंटने से सूर्यदेव के दर्शन हो रहे हैं, तो कभी उमस भरी गर्मी लोगों की मुश्किलें खड़ी कर रही है। वहीं, बारिश भी लोगों को छाता और रेनकोट पहनने को मजबूर कर रही है। इस बीच जिले में रुक रुककर हो रही बारिश से तांदुला का जलस्तर लगातार बढ़ते क्रम पर है।

# सैगोना में घर-घर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने कहा गांव में डायरिया की स्थिति नियंत्रण में



साजा ब्लॉक के ग्राम सैगोना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के निर्देश पर डायरिया पीड़ित मरीजों की जांच स्वास्थ्य और स्थिति का आंकलन कर सम्पूर्ण उपचार के लिए स्वास्थ्य जांच टीम का गठन किया गया है। टीम में साजा बीएमओ डॉ अश्वनी वर्मा, बीपीएम लोकेश साहू डॉ एस चंद्राकर, डॉ जायसवाल, आर एम ए बृजेश दुबे,रवि वर्मा, एस के रात्रे, सीएचओ लक्ष्मी वर्मा,चंचल साहू, आरएचओ पुष्पेंद्र,दयावती,कोटवार तथा सभी मितानिन दीदी शामिल थे। उक्त स्वास्थ्य टीम द्वारा घर घर जाकर ग्राम सैगोना के 310 घरों में भ्रमण कर ग्रामीणों से उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली और स्वास्थ्य परीक्षण किया। उक्त टीम द्वारा घरों में क्लोरिन टेबलेट, ओ आर एस के पैकेट दिए गए। साथ में स्वाथ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों को गरम पानी पीने, एवं खान पान, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गई। घर में ईलाज चल रहे मरीजों को फॉलोअप लिया गया, सभी स्वस्थ्य हैं।

दो मरीज जिनको कल दस्त हुआ था, उन्हें शिविर में दवाई दी गई।जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार बसोड़ ने बताया कि ग्राम सैगोना में डायरिया की स्थिति अब नियंत्रण में है।

# बैजनाथ धाम रवाना हुए 70 कांवरिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



महाकाल कांवरिया समिति नवागढ़ के तत्वावधान में 70 कांवरियों का जत्था नगर स्थित प्राचीनतम शिव मंदिर बूढ़ेश्वर महादेव में बोल-बम, हर-हर महादेव के जयकारों के साथ जलाभिषेक कर बिहार के सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ। जहां से जल लेकर पैदल यात्रा कर बाबा बैजनाथ महादेव (झारखण्ड) में सोमवार को जलाभिषेक करेंगे।

कांवरिया दल के सदस्य मिन्टू बिसेन ने बताया कि प्रतिवर्ष कांवरियों का यह जत्था बाबा बैजनाथ धाम को जलाभिषेक के लिए जाता है। क्षेत्र के सुख समृद्धि एवं शांति सदैव बनी रहे। नगर के लोगों के जनकल्याण की भावना के संकल्प के साथ ही यह दल बाबा नगरी के लिए रवाना हो रहा है।

इस यात्रा में महाकाल कांवरिया समिति से सतीश सोनी,अभिषेक पाठक,रामनारायण श्रीवास,सिद्धांत तिवारी,हेमा यादव, प्रशांत दीवान, सैबी खुराना, कन्हैया यादव,मोनू तंबोली,सूरज तंबोली,कान्हा सोनी, राज सेन,संजू निषाद,पिंटू गुप्ता, संचय केसरवानी, हरेराम, राजा सिन्हा,ऋषि सोनी,राकेश वैष्णव, तिलक सिन्हा,रोशन, भुरू पाल और अन्य शिव भक्त शामिल हैं।

## शासकीय प्राथमिक शाला मड़ई में कराया गया न्योता भोज



**बेमेतरा।** जिले के सबसे दूरस्थ अंचल में फोक नदी के किनारे स्थित शासकीय प्राथमिक शाला मड़ई में बच्चों को न्योता भोज कराया गया। उक्त भोजन में बच्चों को खीर-पूड़ी, जलेबी, केला इत्यादि खिलाया गया। न्यौता भोजन की व्यवस्था शाला में गाँव के ही युवा पंच जुड़ावन साहू एवं दीपक साई द्वारा की गई। कार्यक्रम में एसमसी के अध्यक्ष धनेश साहू, मालिक राम साहु, प्रभु साहू, मनोज गंधर्व, गोवर्धन लहरे(प्रधान पाठक), दिलीप उर्वशा,चमेली साहू, लक्षन साहू,सहोद्रा साहू एवं संकुल समन्वयक सुखचंद चंद्राकर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अस्पताल पहुंचे एसडीएम माहेश्वरी नदारद थे कई कर्मचारी, नोटिस



**साजा।** एसडीएम टीआर माहेश्वरी ने गुरूवार को पदभार ग्रहण किया। उसके बाद विभिन्न कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वे थानखमरिया अस्पताल पहुंचे, जहां अनेक कर्मचारी नदारद थे। उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के कर्मचारी समय पर कार्यालय पहुंचें, सभी का मोबाइल चालू रहे। हरिभूमि से चर्चा करते हुए श्री माहेश्वरी ने कहा कि विभिन्न विभागों में विशेष कर उपस्थित पूरे समय हो इसका कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

# जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ज़िले के सभी नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर पर फहराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है । ताकि आमजन में देश भक्ति की भावना विकसित हो तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान में भी वृद्धि हो। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग ने छत्तीसगढ़ के सभी कलेक्टरों को गतिविधियाँ संचालित करने हेतु दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में हर घर तिरंगा अभियान पूरी गरिमा के साथ झंडा संहिता का पालन करते हुए मनाया जाएगा। उन्होंने ज़िलेवासियों से घर-घर पर पूरे सम्मान और नियम के साथ भारतीय झंडा फहराने की अपील की है। साथ ही तिरंगा मेले स्थानीय कारीगरों का समर्थन करेंगे और उत्सव के माहौल में योगदान देंने को कहा है। उन्होंने कहा कि 13 अगस्त को जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा सुबह 7 बजे से शुरू होगी जो शहरी क्षेत्र के मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों से होकर निकलेगी। इस तिरंगा यात्रा में स्कूल -कॉलेज के विद्यार्थी, डाइट के बच्चे, ज़िले के अधिकारी-कर्मचारी बैंड की धुन के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिले में 09 से 15 अगस्त तक देशभक्ति की भावना पर आधारित तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा मैराथन, सेल्फी विथ तिरंगा, कैनवास कार्यक्रम स्थलों पर तिरंगा कैनवास स्थापित किए जाएंगे। जहां लोग किसी भी भारतीय भाषा में हर घर तिरंगा और 'जय हिन्द' लिख सकेंगे। आयोजन स्थल पर तिरंगा झंडे, वस्त्र, खाद्य पदार्थ के विक्रय के लिए स्टॉल भी लगाए जाएंगे। प्रतिभागियों को ध्वज फहराने और तिरंगा के साथ सेल्फी लेने के लिए प्रोत्साहित ▶▶| शेष पेज 11 पर

## निकाय पखवाड़ा शिविर में तीन वार्डों के निवासियों ने दिए 126 आवेदन

# 104 मांग व 22 शिकायतों में से 6 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- नलों का लिकेज, सड़क पर गड्ढों सहित अन्य शिकायतें आईं




नगर पालिका परिषद क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 15,17,18 और 19 की मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए शिविर भद्रकाली मंदिर प्रांगण में आज आयोजित किया गया। शिविर में समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

शिविर में स्थानीय नागरिक समस्याएं यथा नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन,जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण स्वरोजगार के प्रकरण तथा कई विविध आवेदन प्राप्त होते हैं, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है। लोगों के नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों/गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी/बल्ब/ट्यूब का बंद रहना आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। नगरीय निकायों द्वारा आयोजित राजस्व पखवाड़ा आम नागरिकों के लिए कई तरह से लाभकारी सिद्ध हो रहा है। इस पहल के तहत नगर निकायों द्वारा विभिन्न प्रकार के बकाया राजस्व वसूली और सेवाओं के त्वरित निपटारे के लिए विशेष अभियान चलाए जाते हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि नगर पालिका के अंतर्गत शिविर में मांग और समस्या विद्युत, साफ-सफाई, उज्ज्वला, पानी निकासी, पट्टा, राशनकार्ड नवनीकरण, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना पेयजल सहित कुल 126 आवेदन प्राप्त हुए। जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 15,17,18 एवं 19 की स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित किया गया। स्थानीय नागरिक की समस्याओं नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञप्तियां, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण तथा कई विविध छोटे-छोटे कार्य होते है, जिनका निराकरण शीघ्र अपेक्षित होता है। लोगों की नल लीकेज, नलों में पानी न आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन टूटी-फूटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे पाटना, स्ट्रीट लाइट के मरकरी, बल्ब, ट्यूब का बंद प्राप्त सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत किये गये। शिविर में 104 मांग एवं 22 शिकायते प्राप्त हुई जिसमें से 6 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर किया गया। आगामी शिविर वार्ड क्र 20 एवं 21 हेतु किसान भवन में समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### राजस्व बढ़ाना और समय पर सेवाएं प्रदान करना उद्देश्य

नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देना और जनता को समय पर सेवाएं प्रदान करना है। 'समय पर बकाया भुगतान' इस अभियान के दौरान, नागरिकों को अपने बकाया कर और शुल्क का भुगतान करने में सहूलियत होती है, जिससे वे विलंब शुल्क या पेनल्टी से बच सकते हैं। 'तेजी से सेवा निपटान'' राजस्व पखवाड़े के दौरान ▶▶| शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

**खबर संक्षेप**

### रायपुर दक्षिण उपचुनाव मंत्री जायसवाल और शिवरतन होंगे प्रभारी




**रायपुर।** भाजपा ने रायपुर दक्षिण उप चुनाव के लिए प्रभारियों की घोषणा कर दी है। कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल और प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा प्रभारी बनाए गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद रायपुर दक्षिण विधानसभा की सीट खाली हो गई है। इस सीट पर 18 दिसंबर तक चुनाव कराना है।

### जंगल कटाई से ध्यान भटकाने टाइगर रिजर्व का झांसा : कांग्रेस

**रायपुर।** राज्य में भाजपा सरकार द्वारा तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के गठन के दावे पर पलटवार करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा, भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में अंतर है। सेंट्रल इंडिया का फेफड़ा कहे जाने वाले हसदेव के जंगलों को उजाड़ने वाली डबल इंजन की भाजपा सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए अब टाइगर रिजर्व की बात कर करके गुमराह कर रही है। जशपुर, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरबा और रायगढ़ जिले हाथी प्रभावित क्षेत्र हैं। हाथियों का प्राकृतिक रहवास भी है।



### विश्व आदिवासी दिवस पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी कल से

**रायपुर ।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ जनजातीय अदभुत एवं विविध संस्कृति पर केंद्रित तीन दिवसीय 9 से 11 अगस्त तक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम क्लाउड एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से रायपुर घंडी चौक स्थित कलावीथिका महंत घासीदास संग्राहालय में शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, ग्रेसियस ग्रुप ऑफ़ नर्सिंग कॉलेज एवं संचालक संस्कृति विभाग के डायरेक्टर डा. आशुतोष शुक्ला द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य छत्तीसगढ़ की जनजातीय जीवन के बारे में फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचना और उनकी संस्कृति को मूलरूप में बचाए रखने और उसे सजोने में सहयोग देना है।

### राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर स्कूलों में विशेष आयोजन

**रायपुर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने सभी स्कूलों में 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के उपलक्ष्य में विशेष गतिविधियों के आयोजन हेतु निर्देश जारी किए हैं। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के उपलक्ष्य में हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा, जिसका उद्देश्य युवाओं में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि उत्पन्न करना है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के लिए थीम ''चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूनाः भारत के अंतरिक्ष गाथा'' है। इस अवसर पर अंतरिक्ष से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर और निबंध, मॉडल बिल्डिंग, क्विज एवं पेटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान संबंधित 30 मिनट का एक वीडियो स्कूलों में प्रदर्शित किया जाएगा।

### गैस सिलेंडर चोरी, तीन युवक पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** दो अलग-अलग जगहों पर गैस सिलेंडर चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि जामुल थाना क्षेत्र में अटल आवास घासीदास नगर जामुल और नालंदा स्कूल के पास बोरवेल ट्रक के नीचे से गैस सिलेंडर चोरी हो गया था। जिसकी शिकायत पुलिस में हुई थी।

# नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष को अब चेक साइन करने का अधिकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायतों के अध्यक्ष को निकाय के कार्यों से संबंधित चेक साइन करने का अधिकार नहीं रहेगा। सरकार ने यह अधिकार अब निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दे दिया है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। खास बात ये है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह अधिकार अध्यक्षों को दिया गया था।

## अब सीएमओ करेंगे चेक साइन, अध्यक्ष को मिलेगी केवल सूचना



**अब हुआ नियम में बदलाव**

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका लेखा नियम 1971में संशोधन किया जा रहा है। इस एक्ट के नियम 81 के उप नियम (1) में शब्द मुख्य नगरपालिका पदाधिकारी अपनी राय के साथ उस दस्तावेज को सक्षम प्राधिकारी के पास भुगतान के आदेश के लिए प्रस्तुत करेगा के स्थान पर शब्द मुख्य नगर पालिका पदाधिकारी प्रत्येक देयक या प्रमाण पर भुगतान आदेश देने में सक्षम होगा। प्रतिस्थापित किया जाए।

इसी क्रम में यह संशोधन भी है कि लेखापाल द्वारा चेक एवं ई पेमेंट तैयार किए जाएंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी चेक एवं ई पेमेंट पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत होंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा जारी किए गए भुगतान आदेश चेक एवं ई पेमेंट की सूची, आगामी तीन कार्य दिवसों के भीतर अध्यक्ष को सूचनार्थ भेजी जाएगी। प्ररूप 62 में शब्द अध्यक्ष का लोप किया गया है। इसका मतलब चेक साइन करने का अधिकार अध्यक्ष को नहीं होगा।

### कांग्रेस सरकार में अध्यक्ष को था अधिकार

*पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों को चेक साइन करने का अधिकार दिया था। कांग्रेस का उस समय कहना था कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को यह अधिकार मिलने से नगरीय निकायों को मजबूती मिलेगी। लेकिन अब भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के फैसले को बदल दिया है। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती रमन सरकार के कार्यकाल में 2015 तक चेक साइन करने का अधिकार निकायों के अध्यक्षों के हाथ था, लेकिन 2015 में इसे बदलकर सीएमओ को सौंप दिया गया था। उस समय भी कांग्रेस ने रमन सरकार के इस फैसले का विरोध किया था।*

## विदेशी मदिरा स्प्रिट के 303 एवं बीयर के 69 ब्राण्ड शामिल

# विदेशी मदिरा के लिए 70 कंपनियों ने दिया रेट ऑफर, दर होगी सार्वजनिक, सस्ती होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा विदेशी मदिरा की खरीदी के लिए जारी रेट आफर में 70 कंपनियों ने रेट ऑफर प्रस्तुत किया है, जिनमें छत्तीसगढ़ के मदिरा विनिर्माताओं के साथ-साथ अन्य राज्यों में निर्मित की जाने वाली मदिरा और विदेश में निर्मित मदिरा आपूर्ति करने वाली कंपनियों भी शामिल हैं। इन कंपनियों ने विदेशी मदिरा स्प्रिट के 303 ब्राण्ड एवं बीयर के 69 ब्राण्ड के रेट दिए हैं। फुटकर विक्रय के लिए अनुमोदित होने वाली दर को ब्राण्ड एवं लेबलों के अनुसार ब्रेवरज कार्पोरेशन सार्वजनिक करेगा। इससे शराब सस्ती होने की उम्मीद की जा रही है।

बैठक में सचिव सह आबकारी आयुक्त आर संगीता ने विदेशी मदिरा की खरीदी से लेकर उपभोक्ताओं को इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। प्रस्तावित व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ में उपभोक्ताओं को विदेशी मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित व्यवस्था के लागू होने से यूरोप के बड़े देशों में बिकने वाले लोकप्रिय बाण्ड की मदिरा भी दुकानों में मांग अनुरूप उपलब्ध रहेगी।




### आबकारी मुख्यालय से होगी मॉनिटरिंग

अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि मदिरा दुकानों में निर्धारित दर से अधिक दर पर मदिरा का विक्रय न हो एवं मदिरा में किसी भी प्रकार की मिलावट न हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मदिरा के निर्धारित रेट एवं क्वालिटी की निगरानी एवं किसी भी तरह की गड़बड़ी के मामले में प्रभावी कार्रवाई के लिये मदिरा दुकानों में लगाए गए सीसीटीव्ही कैमरों को आबकारी मुख्यालय के सेन्ट्रलाईज्ड वीडियो मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा। आबकारी विभाग द्वारा मोबाइल बेस्ड एप्लिकेशन तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए राज्य के मदिरा दुकानों में विभिन्न ब्रांड की मदिरा की उपलब्धता की जानकारी आम लोगों को मिल सकेगी।

### अवैध मदिरा के विक्रय पर कठोर कार्रवाई करें

बैठक में सचिव सह आबकारी आयुक्त ने अधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्ययोजना तैयार करने तथा अवैध मदिरा एवं अन्य मादक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मदिरा की बिक्री से प्राप्त राशि निर्धारित समयावधि में विनिर्दिष्ट बैंक खाते में जमा कराएं। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित कैश कलेक्शन, बैंक एजेंसी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें।

### सीधे कंपनियों से खरीदी, कैबिनेट का निर्णय

गौरतलब है कि कैबिनेट की बैठक में विदेशी मदिरा के थोक विक्रय एवं भंडारण के लिए वर्तमान में प्रचलित एफएल 10 ए बी अनुज्ञप्ति की व्यवस्था को समाप्त करते हुए सीधे विनिर्माता इकाइयों से विदेशी मदिरा का थोक क्रय किए जाने का निर्णय लिया गया था। विदेशी ब्रांड की मदिरा की सीधी खरीदी की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन को दी गई थी। इसके परिपालन में ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा विदेशी मदिरा खरीदी की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी सिलसिले में कंपनियों को रेट ऑफर भी जारी किया गया है।

# बुनकरों के उत्पादित कपड़े स्कूल ड्रेस के लिए सरकारी योजना में शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- बुनकरों के पारिश्रमिक में 20 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा
- भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री साव और उद्योग मंत्री देवांगन की बड़ी घोषणाएं

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने घोषणा की है कि सरकार बुनकरों द्वारा उत्पादित कपड़ों को स्कूल शिक्षा विभाग में स्कूल ड्रेस के लिए सरकारी योजनाओं में शामिल करेगी। यह योजना पूर्ववर्ती भाजपा शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने लागू की थी।

इसे हम फिर से इस सरकार में लागू करके बुनकरों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाएंगे, जिससे ज्यादा-से-ज्यादा बुनकरों को काम मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। श्री साव बुधवार को भारतीय जनता पार्टी बुनकर प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आहूत बुनकर संवाद कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने बुनकरों को अभी तक उनके कार्यों के एवज में मिल रहे पारिश्रमिक में 20 प्रतिशत की वृद्धि राष्ट्रीय बुनकर दिवस के अवसर पर आज से ही लागू करने का ऐलान किया।

श्री देवांगन ने इसी के साथ बुनकर भाइयों से नई तकनीक से अपना काम करने एवं युवा वर्ग को इससे जोड़ने के लिए भी आह्वान किया। बुनकरों की समस्याओं को हल करने के बारे में भी श्री देवांगन ने विस्तार से चर्चा की।

### दिव्यकला मेला 16 से 22 अगस्त तक

रायपुर। केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, भारत सरकार के मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार खटिक द्वारा दिव्य कला शक्ति-सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त एवं विकास निगम द्वारा 16 से 22 अगस्त तक बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर में आयोजन किया जाएगा। दिव्यकला मेला कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अनुभवी कोरियोग्राफर एवं दिव्यांगजन प्रतिभागियों से व्यक्तिगत या समूह के रूप में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 9 अगस्त तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# सरकार को मिला 13 हजार करोड़ का खनिज राजस्व, 24 साल में बढ़ा 30 गुना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार को खनिज राजस्व से 2023-24 में 13 हजार करोड़ रुपयों का राजस्व मिला है। खास बात ये है कि राज्य गठन के समय के मुकाबले राजस्व में यह 30 गुना की बढ़ोतरी है। यह जानकारी राज्य स्तरीय भू-वैज्ञानिक कार्यक्रम मंडल छत्तीसगढ़ की 24वीं बैठक में आज खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने दी। रायपुर स्थित सिविल लाइंस विश्राम भवन के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में यह बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव पी. दयानंद ने कहा कि किसी भी देश एवं राज्य के विकास में खनिजों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। छत्तीसगढ़ में खनिज अधारित नये उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य में विद्यमान विभिन्न खनिजों का सतत एवं व्यवस्थित तरीके से अन्वेषण किया जाना चाहिए।




### खनिज खोज पर दिए प्रेजेंटेशन

केन्द्र तथा राज्य शासन के विभिन्न विभागों, उपक्रमों के प्रतिनिधियों द्वारा भी छत्तीसगढ़ राज्य में किये गये खनिज अन्वेषण कार्यों की जानकारियों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

### एजेंसियों के बीच हो समन्वय

श्री दयानंद ने बैठक में उपस्थित अन्वेषण कार्यों से संबद्ध सभी विभागों एवं संस्थानों से कहा कि छत्तीसगढ़ के समग्र विकास हेतु वे अपनी कुशलता, संसाधन एवं उपलब्ध नवीनतम तकनीकियों का उपयोग कर प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों का अन्वेषण करे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में खनिजों के विकास के लिए कार्य करने वाली एजेंसियों के मध्य उत्पादित आंकड़ों को आपस में साझा करने और परस्पर समन्वय स्थापित किये जाने की सलाह दी है।

### चूना पत्थर, लौह अयस्क के नए भण्डार खोजे गए

भौमिकी तथा खनिकर्म विभाग के संचालक सुनील कुमार जैन ने वर्ष 2023-24 में हुए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कुल 1050 मिलियन टन चूनापत्थर एवं लौह अयस्क के कुल 179 मिलियन टन भण्डार आंकलित किये गये। खान मंत्रालय, भारत खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में एनएमईटी के तहत वर्ष 2023-24 में चूनापत्थर हेतु 01 अन्वेषण परियोजना की स्वीकृति प्राप्त हुई है। अधिसूचित निजी अन्वेषण संस्थान को एनएमईटी के तहत राज्य के अन्वेषण कार्य हेतु तीन प्रस्ताव स्वीकृत किये गये थे। इसमें दो ग्रेफाइट एवं एक दुर्लभ मृदा धातुएं (आरईई) शामिल हैं।

# लेट-लतीफी पर कमिश्नर सख्त, कहा- कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी, जरूरत पड़ने पर करें निलंबन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



शासकीय कार्यालयों में निर्धारित समय पर अधिकारी-कर्मचारियों के नहीं पहुंचने पर रायपुर संभाग के कमिश्नर महादेव कावरे ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी समय पर ड्यूटी पहुंचें इसका विशेष ध्यान दें। यह जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई हिदायत देने के बाद भी गलती कर रहा है, तो कार्यालय प्रमुख शासकीय नियमों के तहत निलंबन की कार्रवाई भी कर सकते हैं।

**बायोमेट्रिक अटेंडेस सिस्टम लगाने के निर्देश :** संभाग कमिश्नर ने बुधवार को संभाग कार्यालय में शासकीय कामकाजों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक अटेंडेस सिस्टम लगाने की पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने रायपुर संभाग के सभी पांच जिलों में चल रहे विकास कार्यो की अद्यतन जानकारी अधिकारियों से ली। बैठक में कृषि, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, सेतु विकास निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सहकारिता विभाग, समाज कल्याण विभाग के संभाग स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

विदित हो कि कमिश्नर ने दो दिन पहले कृषि विभाग, नगर ग्राम एवं निवेष विभाग तथा सरकारी पंजीयक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग कार्यालय के मेन गेट पर सुबह 10 बजे ताला लटका मिला था, वहीं नगर ग्राम एवं निवेष एवं पंजीयक विभाग के कार्यालयों में एक-दो कर्मचारियों को छोड़कर अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी अनुपस्थित मिले थे। इसे लेकर कमिश्नर ने गहरी नाराजगी जताते हुए 25 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए थे।

**अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण जल्द निपटाने के निर्देशः** बैठक में कमिश्नर ने अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत शामिल सभी जन सेवाओं को निर्धारित समय सीमा में हितग्राहियों को उपलब्ध कराने निर्देश दिए। उन्होंने इन सेवाओं से संबंधित जानकारी बोर्ड लगाकर कार्यालयों में प्रदर्शित करने, ऑनलाइन रिकॉर्ड रखने तथा सप्ताहवार प्रिंट आउट लेकर पंजी संधारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संभाग स्तरीय अधिकारियों से अपने-अपने कार्यालयों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए।

खेती-किसानी के लिए ग्रामीणों को ना हो कोई तकलीफ, पहले से रहें इंतजाम- बैठक में श्री कावरे ने चालू खरीफ मौसम के संदर्भ में खेती-किसानी के लिए खाद-बीज-दवा, उद्यानिकी फसलों के बीज, दवा आदि की उपलब्धता और वितरण की भी जानकारी अधिकारियों से ली।

## सोसाइटियों के अलावा बाजार से खरीदनी पड़ रही खाद

# खाद के लिए किसानों को करना पड़ रहा अतिरिक्त खर्च

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खरीफ के लिए किसानों ने बुवाई के साथ-साथ अब खाद के लिए मशक्कत शुरू कर दी है। ज्यादातर सहकारी सोसाइटियों में खाद का स्टॉक अभी पर्याप्त है, लेकिन प्रति हेक्टेयर खाद की मात्रा निर्धारित होने की वजह से किसानों को खुले मार्केट से भी डीएपी, पोटाश और यूरिया की खरीदी महंगे दामों में करनी पड़ रही है।

सोसाइटियों में 266 रुपए की यूरिया खुले बाजार में 350 रुपए में मिल रही है। पोटाश और डीएपी के 1400 से 1500 रुपए तक दाम चुकाने पड़ रहे हैं। सोसाइटियों में खाद का उठाव किसानों ने कर लिया है, बचे किसान ही खाद उठाने आ रहे हैं। अतिरिक्त खाद के लिए किसानों को बाजार से मंहगे में खरीदी करनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ में खरीफ फसल के लिए सोसाइटियों में खाद का भंडारण किया जाता है, इसका वितरण मांग के अनुसार किसानों को किए जाने का दावा भी किया जा रहा है। सोसाइटी से सिर्फ खातेदार को ही खाद मिलती है। किसान को प्रति हेक्टयर 17 हजार 400 रुपए की खाद दी जाती है। खुले बाजार में सोसाइटी से महंगे दामों में खाद की खरीदी किसानों को करनी पड़ रही है। प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है।

### 81 प्रतिशत खाद का वितरण

किसानों को अब तक 11 लाख 14 हजार मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का 81 प्रतिशत है। वितरित किए गए उर्वरक में 5 लाख 36 हजार 84 मीट्रिक टन यूरिया, 2 लाख 49 हजार 740 मीट्रिक टन डीएपी, एक लाख 38 हजार 652 मीट्रिक टन एनपीके, 47 हजार 741 मीट्रिक टन पोटाश तथा एक लाख 42 हजार 83 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट शामिल है। किसानों को 13 लाख 68 हजार मीट्रिक टन खाद वितरण का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरूद्ध अब तक 14 लाख 72 हजार मीट्रिक टन का भण्डारण करा लिया गया है। भण्डारण के विरूद्ध 11.14 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। किसानों को सुगमता पूर्वक खाद का वितरण सोसायटी और निजी विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है।



### डीएपी और यूरिया के लिए मारामारी

कई जिलों में किसान खाद की समस्या से जूझ रहे हैं। डीएपी और यूरिया खाद के लिए मारा मारी हो रही है। सोसाइटियों में डीएपी, यूरिया और पोटाश की कमी के कारण किसान महंगे दाम पर बाजार से खरीद रहे हैं। किसानों की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल सोसाइटियों में डीएपी, यूरिया, पोटाश का भंडारण करने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा खाद-बीज वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### बाजार में खाद की कीमत

यूरिया सोसायटी में 266 रुपए प्रति बोरी मिल रही है। वहीं बाजार में इसकी कीमत 300-350 रुपए में मिल रहा है। पोटाश जो सोसाइटी में 1625 रुपए में किसानों को मिलता है। वह बाजार में 1750 से 1800 रुपए में मिल रहा है। डीएपी सोसायटी में 1350 रुपए में मिलता है। वह 1400 से 1600 रुपए में बाजार में मिल रहा है। जिंग सल्फेट सोसाइटी में किसानों को 550 रुपए में मिलता है, वह बाजार में 600 से 800 रुपए में मिल रहा हैं। सुपर फास्फेट जो सोसाइटी में 510 रुपए में मिलता है, वह 520र से 550 रुपए में मिल रहा हं।

## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने बांग्लादेशीय आतंकवादियों का फूका पुतला

**रायपुर।** शिवसेना रायपुर जिला इकाई द्वारा कालीबाड़ी चौक में बुधवार को बांग्लादेश के आतंकवादियों के पुतले को फांसी देकर जलाया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशानुसार आशीष परिडा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर युवा सेना जिलाध्यक्ष संजय सोनकर ने बताया कि बांग्लादेश में हो आतंकवादिय वार से हिंदुओ को होने वाली परेशानी के कारण बांग्लादेशीय आतंकवादियों का पुतला जलाया गया और हिंदुओं के साथ हो रहे हिंसा से बचाने के लिए केंद्र सरकार से बंगलादेशीय हिंदुओ भारत में शरण और सुरक्षा देने की मांग शिवसेना छत्तीसगढ़ ने की है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से तरुण डोंडेकर, पीयूष बिसेन, भोला साहू, खुमेश साहू, रितेश साहू, रोशन साहू, सोनू साहू, कुणाल कश्यप, गजानंद राजपूत, टीकम कौनेजे, लक्की सिन्हा, लिलेश्वर निषाद, अभिषेक राजपूत, नवीन साहू सहित अधिक संख्या में शिवसैनिक उपस्थित हुए।

### इग्नू में अब भगवद् गीता पर मास्टर डिग्री का कोर्स शुरू

**रायपुर।** भारत में पहली बार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने भगवद् गीता में मास्टर डिग्री कोर्स शुरू किया है। यह कोर्स जुलाई 2024 से शुरू होगा, जो छात्र भगवद् गीता में मास्टर डिग्री हासिल करना चाहते हैं, उन्हें एक साल की केवल 6300 रुपए फीस जमा करनी होगी। यह जानकारी यूनिवर्सिटी के डा. बिजय कुमार साहू ने देते हुए बताया कि यह कार्स अवधि दो वर्ष की है। इसे हिंदी माध्यम में पेश किया गया है। भगवत गीता अध्ययन में मास्टर ऑफ आर्टस में प्रवेश के लिए शर्त की पात्रता यह है कि छात्र को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक होना चाहिए। छात्र विश्वविद्यालय की वेबासाइट पर जा सकते है और जुलाई शैक्षिणक सत्र के लिए भगवत गीता अध्ययन में एमए में प्रवेश के लिए विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 अगस्त तक निर्धारित है।

### चौबे कॉलोनी में एकल गायन स्पर्धा 11 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की खेलकूद समिति एवं कला-संस्कृति समिति के तत्वावधान में 11 अगस्त को एकल गायन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल भवन के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में होगी। समिति की उपाध्यक्ष गीता दलाल ने बताया कि 11 अगस्त को एकल गायन स्पर्धा सुबह 11 बजे प्रारंभ होगी। स्पर्धा महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग होगी। प्रतिभागियों को कराओके म्यूजिक पर फिल्मी गीत के दो पद गाने होंगे। प्रतिभागियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। स्पर्धा के लिए प्रवेश शुल्क 250 रुपए निर्धारित है। स्पर्धा की अधिक जानकारी के लिए महाराष्ट्र मंडल एवं अंताक्षरी स्पर्धा प्रभारी गीता श्याम दलाल से संपर्क कर सकते हैं।

### इंजीनियर की शिकायत बाद भी सातवां वेतनमान

**दुर्ग।** दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के सहायक अभियंता उल्लाहस अरविंद देशमुख पर लाखों रूपए की गडबडी की अलग-अलग शिकायत है। जिसकी जांच चल रही है। इसके बाद भी कुल सचिव द्वारा उन पर सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेकर उन्हें सातवे वेतनमान का लाभ दे दिया है। इस निर्देश के सामने आने के बाद एक भी कुल सचिव सहित कालेज प्रबंधन पर सवाल उठ रहे है। उल्लेखनीय हैं कि, सहायक इंजीनियर अरविंद देशमुख पर वर्ष 2016 के विवि भवन निर्माण में 29 करोड के भारी गड़बड़ी किया। जिसकी बकायदा हाईपावर कमेटी द्वारा गठित कर जांच कराई गई, जिसमें अफसर सहित अन्य दोष सिध्द भी हो चुके है।

# ट्रकों से पार्किंग शुल्क लेने का मसौदा सुलझाने अब मीटिंग में होगा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बिरगांव निगम और रावांभाठा के ट्रांसपोर्टर्स के बीच पार्किंग शुल्क लेने का मसौदा अब तूल पकड़ने लगा है। मामले को लेकर जहां सोमवार को व्यापारियों ने निगम कार्यालय तक रैली निकालने के बाद ज्ञापन देकर प्रस्ताव को वापस लेने की मांग निगम आयुक्त के सामने रखी है।

वहीं वार्ड प्रतिनिधियों के फैसले से जुड़े मसौदे को सुलझाने के लिए सप्ताहभर बाद मीटिंग करके विरोध को सुलझाने की तैयारी है। ट्रांसपोर्ट नगर बसने के बाद से जहां रावांभाठा में कई तरह की अव्यवस्था है। वहीं इसमें सुधार करने के लिए पार्किंग शुल्क में मिलने वाली राशि से व्यवस्थित करने के लिए निगम की सामान्य सभा में 30 जुलाई को लिए गए निर्णय के बाद फिर मंथन की तैयारी है। रायपुर मोटर मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज दुबे ने बताया कि 5 अगस्त को विरोध प्रदर्शन के बाद आयुक्त ने एक सप्ताह बाद संयुक्त मीटिंग में अंतिम निर्णय लेने का भरोसा दिलाया है। इसे देखते हुए व्यापारी संगठनों ने फिलहाल इस मसौदे में होने वाले फैसले के इंतजार में हैं।

उनका मत है कि रावांभाठा के व्यापारियों की मांग को देखते हुए निगम प्रशासन भी प्रस्ताव को वापस लेने का फैसला लेगा, क्योंकि इस तरह पार्किंग शुल्क प्रदेश के किसी ट्रांसपोर्ट नगर में नहीं लिया जाता है।

### इस वजह से लिया फैसला

निगम द्वारा सामान्य सभा में पास किए गए प्रस्ताव के तहत ट्रांसपोर्ट नगर में सभी गाड़ियों से पार्किंग शुल्क लेने की स्थिति इस वजह से बनी, क्योंकि आरडीए एवं शासन से वहां सुविधा देने के लिए न तो अतिरिक्त कर्मचारी मिले और न किसी तरह से फंड ही मिलता है। इसे देखते हुए वार्ड प्रतिनिधियों ने पार्किंग से मिलने वाले फंड से ट्रांसपोर्ट नगर में सुविधा देने प्रस्ताव को सहमति दी। इसे लागू होने के पहले तीन महीने निगम और इसके बाद एजेंसी के माध्यम से सुविधा देने का प्रावधान किया है।

### रावांभाठा के ट्रांसपोर्टर्स की मांग पर एक सप्ताह बाद मंथन




### संयुक्त मीटिंग में लेंगे निर्णय

अभी पार्किंग शुल्क के मामले में अंतिम निर्णय होना बाकि है। विरोध करने वाले व्यापारियों के साथ सप्ताहभर बाद संयुक्त मीटिंग करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। उससे पहले निगम प्रशासन भी पार्किंग शुल्क के इस मसौदे पर मंथन करेगा।

**- बृजेश सिंह क्षत्रिय,**
आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव


## विभाग एवं थाने में न्याय नहीं मिलने से परेशान पीड़ित अब कलेक्टर जनदर्शन में कर रहे शिकायतें

# घर खाली कराने के बाद अनुदान राशि देने से इनकार, एक परिवार को मिल रही धमकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

कलेक्टर जनदर्शन में अब ऐसे लोग भी शिकायतें करने पहुंच रहे हैं, जिन्हें संबंधित विभागों या थानों में न्याय नहीं मिल पा रहा है। एक विधवा महिला ने एक कंपनी के खिलाफ घर खाली करने के बाद भी अनुदान राशि नहीं देने की शिकायत की है। वहीं एक परिवार ने रजिस्ट्री कराने में धोखाधड़ी करने के बाद मकान खाली कराने के लिए गुंडों द्वारा धमकियां दिए जाने की शिकायत की है। इन दोनों मामलों का निराकरण करने के लिए कलेक्टोरेट से संबंधित विभागों को मॉर्क कर भेजा गया है।





- संबंधित विभागों या थानों में न्याय नहीं मिल पा रहा
- रजिस्ट्री कराने में धोखाधड़ी करने के बाद मकान खाली कराने के लिए गुंडों द्वारा धमकियां दिए जाने की शिकायत की
- परेशान होकर श्रम विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई

### 3 साल से श्रम विभाग व कलेक्टोरेट का चक्कर लगा रही विधवा

मोर मकान मोर आवास योजना के तहत आबंटित आवास में रहने वाली अमलीडीह निवासी संगीता रेड्डी जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि उनका पति स्व. विजय रेड्डी रायपुर स्थित एक वर्क्स कंपनी में काम करता था। इस कंपनी में वह 45 साल तक काम किया है। इस दौरान उनका परिवार कंपनी द्वारा दिए घर पर ही रह रहा था, लेकिन अप्रैल 2019 में उनके पति की मृत्यु के बाद कंपनी द्वारा कोई राशि नहीं दी गई, बल्कि घर खाली करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर श्रम विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई। इस पर विभाग के अधिकारियों ने कंपनी के संचालक को बुलाया और समझौता कराया। कंपनी ने घर खाली करने पर 70 हजार रुपए देने के लिए सहमति जताई। इस पर विश्वास कर संगीता ने घर खाली कर दिया, लेकिन कंपनी ने 5 हजार रुपए देकर शेष राशि देने से इनकार कर दिया। इसके बाद से महिला पिछले 3 साल से शेष अनुदान राशि के लिए श्रम विभाग और कलेक्टोरेट कार्यालय का चक्कर काट रही है।

### रजिस्ट्री कराने में धोखाधड़ी, अब मकान खाली करने धमकियां दी जा रहीं

बड़ा अशोक नगर प्रीतम नगर गुढ़ियारी निवासी अमित टेमरे की पत्नी भुमेश्वरी अपनी बच्ची के साथ जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उसने एक जमीन का 16 लाख रुपए में सौदा किया था, उस जमीन पर मकान भी बना हुआ है, जिसमें उसका परिवार रहता है। इस जमीन का आधा हिस्सा एक दूसरे व्यक्ति ने खरीदा था। जमीन का सौदा होने के बाद उसने जमीन के लिए 8 लाख रुपए भी दे दिए थे। इस तरह जमीन की दो रजिस्ट्री होनी थी, लेकिन दूसरे व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर पूरी जमीन की रजिस्ट्री अपनी पत्नी के नाम पर करा ली है। अब उस व्यक्ति द्वारा उसके परिवार को परेशान किया जा रहा है। इसके लिए मकान के बाथरूम गेट पर कैमरा भी लगा दिया है, वहीं अलग-अलग लोगों से कॉल कराकर उसे धमकियां दी जा रही हैं। इस संबंध में उसके पति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करानी चाही, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से इनकार कर दिया है। इस कारण वह अब कलेक्टर से गुहार लगाने आई है।

# एसोसिएशन ने कहा, सरकार की अपील पर कुछ मिनी स्टील प्लांट होंगे शुरू


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बिजली बिल के दाम बढ़ने के विरोध में बंद किए गए थे प्लांट

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री से छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की चर्चा पर उन्होंने सरकार तक इन बातों को पहुंचाने की बात कही है। साथ ही कहा है कि अपने प्लांट शुरू कर दें, इससे राज्य एवं छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल का राजस्व तथा मजदूर वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों से मिलकर विद्युत बिल की समस्या का जल्द निवारण करने के प्रयास जारी है।

एसोसिएशन ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि छत्तीसगढ़ के मिनी स्टील प्लांट एवं फेरो अलॉयज भारी नुकसान के दौर से गुजर रहे हैं तथा बैंकों का कर्ज़, मजदूरों की व्यय तथा अन्य फिक्स खर्चे बढ़ते जा रहे है। कुछ सदस्यों ने इसके चलते अपने प्लांट पूरे माह के लिए बंद कर दिए हैं। कुछ सदस्य जो अपने नियमित खर्चों की पूर्ति, लेबर पेमेंट, बिजली बिल एवं विभिन्न टैक्स की देनदारियों के लिए तथा अन्य मजबूरियों के चलते प्लांट चलाने के लिए बाध्य है, वे मंत्री की अपील पर अपने प्लांटों को शुरू कर सकते है।

### जारी रहेगी लड़ाई

हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई और ये आगे भी जारी रहेगी तथा संस्था के पदाधिकारी भी उच्चास्तरीय वार्ता के लिए प्रयासरत है तथा हमारी मांगों के लिए एवं भविष्य के रूपरेखा बनाने के लिए जल्दी ही 1-2 दिन में सरकार के साथ वार्ता के पश्चात, एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया जाएगा इसमें संस्था के सभी सदस्यों से विचार विमर्श करके इस आंदोलन के स्वरूप एवं इसके विस्तार का निर्णय लिया जाएगा।

# शंकर नगर में पेयजल संकट पानी टंकी भरने में कोताही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- विभागीय अधिकारियों को लगाई लताड़
- नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने जोन 3 में ली बैठक

शहर के पॉश इलाकों में शुमार शंकरनगर और न्यू शांतिनगर क्षेत्र में पेयजल संकट से वहां के रहवासी त्रस्त हैं। रहवासियों को पेयजल को लेकर हो रही परेशानी को लेकर वार्ड पार्षद सुमन-राम प्रजापति ने नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे को इसकी जानकारी दी। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष ने जोन 3 दफ्तर में जल विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इसमें जल संकट को लेकर नगर निगम के तीन अलग-अलग विभागों ने इसके लिए एक दूसरे को जिम्मेदार बताया।

नगर निगम जोन 3 की शंकरनगर पानी टंकी को पिछले पंद्रह दिनों से केवल 3 मीटर भरा जा रहा है, इससे शंकर नगर और न्यू शांतिनगर क्षेत्र में पानी की किल्लत से रहवासी परेशान हैं। पेयजल समस्या से त्रस्त पार्षद सुमन राम प्रजापति ने इसकी जानकारी नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे को दी।नेता प्रतिपक्ष ने शंकरनगर स्थित जोन 3 दफ्तर में जल विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। इस दौरान उन्हें पता चला कि शंकरनगर पानी टंकी से 5 वार्डों को पेयजल आपूर्ति होती है। इसके साथ ही इस पानी टंकी से विधानसभा और वित्तीय लेखाकार भवन को भी पानी आपूर्ति की जाती है। अमृत मिशन की पानी टेस्टिंग के लिए जो पानी बैरनबाजार पानी टंकी से आपूर्ति होनी चाहिए वह भी करीब 3 मीटर पानी शंकर नगर की पानी टंकी से आपूर्ति की जा रही है।

### तीन विभाग से सवाल, एक दूसरे को बताया जिम्मेदार

सूत्रों के मुताबिक जोन 3 के अधिकारियों से नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने शंकर नगर इलाके में जल संकट का कारण पूछा तो उन्होंने अमृत मिशन के अधिकारी पर ठीकरा फोड़ते हुए कहा, कि बैरनबाजार की पानी टंकी बन जाने के बावजूद टंकी से पानी सप्लाई नहीं की जा रही है, इसलिए ऐसी स्थिति बन रही है।

# जोरा का बाजार पक्का बनाने और पार्किंग व्यवस्था देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 25 साल पुराना बाजार को सुव्यवस्थित करने की जरूरत
- सांई दर्शन आवासीय समिति ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया

जोरा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार को सुव्यवस्थित करने और बाजार क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था विकसित करने सांई दर्शन आवासीय समिति सांई नगर जोरा ने प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है। समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि जोरा का बाजार पिछले 25 सालों से भी ज्यादा समय से कच्ची जमीन में ही बिना पक्के चबूतरा के लगता रहा है। हर सप्ताह शनिवार के दिन जोरा बाजार लगता है, पर बाजार में पक्का शेड निर्माण नहीं होने से बारिश के समय लोगों को बहुत परेशानी होती है।

इससे बाजार बेहद प्रभावित होता है, कभी-कभी अधिक अधिक पानी गिरने के कारण दुकानें अच्छे से खुल भी नहीं पाती है। पहले जब जोरा क्षेत्र ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता था, उसी समय से ही लोग इस बाजार में सप्ताहभर की सब्जी खरीदने आते रहे हैं। जोरा का क्षेत्र नगर निगम रायपुर सीमा के अंतर्गत जुड़ गया है। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि जोरा गांव का स्वरूप अब बदल गया है। इसके आसपास कृषक नगर, साईं नगर और प्रोफेसर कॉलोनी तथा लाभांडी की बसावट भी आती है इसके अलावा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का मुख्यालय होने से विश्वविद्यालय में शिक्षारत विद्यार्थियों की बड़ी संख्या जोरा स्थित बाजार में खरीदारी करने पहुंचती है। बाजार बढ़िया हो इसके लिए पक्का चबूतरा बनाकर पार्किंग की व्यवस्था कर दी जाये तो लोगों को इससे राहत मिलेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि सांसद निधि और विधायक निधि की सहायता लेकर भी जोरा का कच्चा बाजार को पक्का बाजार में बदला जा सकता है।

# देवपुरी जमीन मामले में प्रस्तावित कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जिला कलेक्टर एवं एसडीएम के नाम से आवेदन भी दिया है
- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा 12 फरवरी 2015 को जारी ज्ञापन के अनुसार आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई

राजधानी रायपुर के ग्राम देवपुरी स्थित खसरा नंबर 318/3 रकबा 10 एकड़ भूमि पर प्रस्तावित कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग प्रशासन से की गई है। अधिवक्ता इंद्रपाल सिंह चावला ने इस संबंध में जिला कलेक्टर एवं एसडीएम के नाम से आवेदन भी दिया है।

इंद्रपाल सिंह चावला के अनुसार ग्राम देवपुरी में पटवारी हल्का नंबर 114/00073 तहसील व जिला रायपुर स्थित पट्टे की भूमि जिसका खसरा नंबर 318/3 है वर्ष 1981-82 में 30 वर्षों के पट्टे पर स्वामी अवशेषनंद सरस्वती विहार योग विद्यालय देवपुरी को प्राप्त हुई थी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा 12 फरवरी 2015 को जारी ज्ञापन के अनुसार आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में स्थाई पट्टा अब भी प्रभावशील है, इसलिए इस संबंध में कोई भी कोईवाई नहीं की जा सकती। भू-घटक 2028 तक देय है। उन्होंने बताया कि 5-1-1999 को पंजीकृत बैनामे के द्वारा उन्होंने जमीन क्रय किया है, जिसके संबंध में न्यायालयीन आदेश के परिप्रेक्ष्य में कार्रवाई की जा रही है। इसी प्रकार खुशपाल सिंह द्वारा स्वामी अवशेषानंद सरस्वती विहार योग विद्यालय में खसरा 318/3 का रकबा 3.06 प्रति हस्तांतरण विलेख के माध्यम से करवाया गया है, लेकिन उप पंजीयक द्वारा पंजीयन शुल्क लेने के बाद भी पंजीयन नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में न्यायालय सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 रायपुर के समक्ष वाद प्रस्तुत किया गया, जिस पर 15-3-2014 से अपील आदेश में वाद को निरस्त कर दिया गया है।

### निर्णय का पालन नहीं किया

न्यायालय के इस आदेश के विरुद्ध अपील किए जाने पर न्यायालय द्वारा निम्न न्यायालय के आदेश को निरस्त कर लंबित कर हस्तांतरण अभिलेख के निर्णय को 30 दिन के भीतर किए जाने के निर्देश दिए गए थे, जिसका पालन आज दिनांक तक नहीं किया गया है। इसके पूर्व हाईकोर्ट द्वारा विविध याचिका क्रमांक 1027-1999 में 17-7-2001 को यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया था एवं उपरोक्त याचिका में दिनांक 2-4-2013 को पारित आदेश में सब रजिस्टार को 3 महीने के अंदर विधि में उल्लेखित प्रावधान के तहत अंतरण और रजिस्ट्रेशन के संबंध में निर्णय लेने के लिए कहा गया था। इस निर्देश के विरुद्ध शासन एवं सब रजिस्टार द्वारा राइट अपील प्रस्तुत की गई थी, जिसे खंडपीठ द्वारा विविध राइट अपील 583/2013 में आदेश दिनांक 10-12-2013 को निरस्त की गई थी। इस तरह वाद की संपत्ति एवं आवेदकगण की संपत्ति मूल संपत्ति का खसरा नंबर 318/3 का भाग ही है और पट्टा हस्तांतरण विलेख है। इसीलिए इस मामले में अगर कार्रवाई प्रस्तावित है, तो उस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

## पेज 9 के शेष

### प्रेमिका ने दी संबंध ...

चक्कर मे पिछले साल अप्रैल माह में घर से दोनों भाग गए थे जो सालभर वापस लौटे। वही घटना के दिन 7 अगस्त को आरोपी प्रेमी ने अपनी प्रेमिका को मिलने के लिए करोकन्या मन्दिर बुलाया। जहां पर काफी समय से कान के लिए सोने की खूंटी लेने की जिद पर दोनों में बहस बढ़ गईं। इसी दरम्यान प्रेमिका ने प्रेमी को उसकी हैसियत को लेकर वाद-विवाद कर सम्बंध तोड़ने की बात कह दी। जिससे तैश व गुस्से में आकर आरोपी ने पूर्व सुनियोजित रूप से महिला के गर्दन पर ताबड़तोड़ जानलेवा वार कर जान से मार दिया एवं घटना में प्रयुक्त हथियार को अमोरा स्थित शिवनाथ नदी में फेंककर चुप घर आ गया। बेरला पुलिस द्वारा मामले में विधिवत कार्रवाई कर आरोपी प्रेमी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।

**कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका:** कार्रवाई में थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर-मयंक मिश्रा, एएसआई-दिनेश शर्मा, प्रधान आरक्षक- लोकेश गौसेवक, कुशाल बोरकर, बिरेन्द्र साहू, रामेश्वर पटेल, महेश जांगड़े, विजय दिवाकर, प्रमोद बंजारे दिनेश मंडावी सहित अन्य सभी स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिला स्तरीय ...

किया जाएगा, जिन्हें हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। प्रमाणपत्रों को सोशल मीडिया पर साथ साझा किया जायेगा। उसके पश्चात अगले दिन 14 अगस्त को सुबह 7 बजे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सद्भावना दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इसी दिन शाम को 6 से 8 बजे तक जयस्तम्भ चौक में देशभक्ति गीत -संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### 104 मांग व 22 शिकायतों ...

नगर निकाय अपनी सेवाओं को तेजी से और प्रभावी ढंग से प्रदान करते हैं, जिससे नागरिकों को विभिन्न अनुमतियों, प्रमाणपत्रों और अन्य सेवाओं के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ता। 'विशेष छूट और रियायतें'' कई नगर निकाय इस अवधि में विशेष छूट या रियायतें भी प्रदान करते हैं, जिससे नागरिकों को आर्थिक लाभ मिलता है। 'उपलब्धता और जागरूकता'' इस पहल से जनता को नगर निकाय की विभिन्न सेवाओं और योजनाओं की जानकारी मिलती है, जिससे वे इनका लाभ उठा सकते हैं। इस प्रकार, राजस्व पखवाड़ा नागरिकों और नगर निकाय दोनों के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है, क्योंकि इससे एक ओर राजस्व संग्रहण में वृद्धि होती है, तो दूसरी ओर नागरिकों को बेहतर और त्वरित सेवाएं मिलती हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202408230300003/ 140 / अ - 2 / वर्ष 2023-24

एतद सर्वसाधारण ग्राम / नगर मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका गजेन्द्र कुमार साहू पिता रामकृष्ण साहू निवासी मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा (छ. ग.) द्वारा ग्राम / नगर मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 192/14 रकबा 0.008 हे. भूमि को **आवासीय सह व्यवसायिक** प्रजोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.08.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202408230300004 / 139 / अ - 2 / वर्ष 2023-24

एतद सर्वसाधारण ग्राम / नगर मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका कंचन साहू पति गजेन्द्र साहू निवासी मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा (छ. ग.) द्वारा ग्राम / नगर मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 192/12 रकबा 0.006 हे. भूमि को **आवासीय सह व्यवसायिक** प्रजोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.08.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202408230300005 / 138 / अ - 2 / वर्ष 2023-24

एतद सर्वसाधारण ग्राम / नगर मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका अराधना साहू पति अश्वनी कुमार साहू निवासी मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा (छ. ग.) द्वारा ग्राम / नगर मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 192/13 रकबा 0.006 हे. भूमि को **आवासीय सह व्यवसायिक** प्रजोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.08.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्रं. 202408230300002 / 141 / अ - 2 / वर्ष 2023-24

एतद सर्वसाधारण ग्राम / नगर मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका अश्वनी कुमार साहू पिता रामकृष्ण साहू निवासी मोहभट्ठा तहसील व जिला बेमेतरा (छ. ग.) द्वारा ग्राम / नगर मोहभट्ठा प.ह.नं. 21 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 192/11 रकबा 0.008 हे. भूमि को **आवासीय सह व्यवसायिक** प्रजोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16.08.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### वृद्धाश्रम की 10 वीं वर्षगांठ पर बुजुर्गों का किया गया सम्मान

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित वृद्धाश्रम की 10 वीं वर्षगांठ एवं वृद्धजनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिपेश साहू थे। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ताराचंद महेश्वरी एवं अध्यक्षता बरखा कासु उप संचालक समाज कल्याण अधिकारी, पार्षद नीतु कोठारी एवं प्रफुल्ल शर्मा,नरेश साहू, संदीप साहू,शबीना खान,शोभना यादव,आयोजक अध्यक्ष शिव मंगल महिला समिति दुर्ग शामिल हुए। इस दौरान विधायक दीपेश साहू समस्त उपस्थित अतिथिजनों और वरिष्ठ वृद्ध जनों के साथ केक काटकर वृद्धा आश्रम के 10 वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वृद्ध जनों को श्री फल और शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि मैं विधायक बनने से पहले भी वृद्धाश्रम आता रहा हूं और आपका आशीर्वाद मिलता रहा है। साहू ने कहा कि अब हमारी जिम्मेदारी है अब मैं अपने कार्यकाल में एक अच्छा नए सर्वसुविधा मॉडर्न वृद्धाश्रम का निर्माण करेंगे। ताराचंद माहेश्वरी ने कहा कि सभी वृद्धजनों का आशीर्वाद एवं अनुभव मुझे 10 वर्षों तक प्राप्त हुआ। इस दौरान ताराचंद महिला मंडल द्वारा अखंड रामायण पाठ एवं भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया ।

### प्रसूताओं को नियमित स्तनपान के लिए प्रेरित करने की ली शपथ

**अंडा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ एनएल बंजारे के मार्गदर्शन में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के सहयोगियों, अधिकारी-कर्मचारियों ने गर्भवती महिलाओं को बच्चे के जन्म के 1 घण्टे के अंदर स्तनपान आरंभ कराने के साथ ही 6 माह तक केवल एकनिष्ठ स्तनपान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही कहा कि 6 माह की उम्र के बाद ऊपरी आहार के साथ-साथ स्तनपान जारी रखने सलाह देंगे। वहीं, बच्चे को डायरिया, निमोनिया व कुपोषण जैसी खतरनाक बीमारियों से बचाने का प्रयास, अधिक से अधिक माताओं को गर्भावस्था से ही स्तनपान संबंधी जानकारियाँ देकर जागरूक करते हुए नवजात मृत्यु को कम करने का प्रयास करने की भी शपथ ली।

### कलेक्टर ने सिवनी स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी के मछली पालन विभाग के कार्यालय परिसर में स्थित शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में निर्मित हेचरी, इंक्यूवेशन पूल, ओव्हर हेड टैंक आदि का निरीक्षण कर मत्स्य बीज उत्पादन के प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मछली बीज उत्पादन के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

### बाइक सवार से युवकों ने मोबाइल छीना, फरार

**भिलाई।** काम पर जा रहे बाइक सवार का दो युवकों ने मोबाइल छीनकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवको के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है।छावनी पुलिस ने बताया कि न्यू खुर्सीपार निवासी पूरन सिंह 5 अगस्त की रात 8 बजे अपनी बाइक से निवास से मौर्या टॉकिज जाने के लिए निकला था। तीन दर्शन मंदिर के सामने भीड़ होने पर बाइक को पीड़ित तेज रफ्तार कर दिया। हिमांशु नामक युवक पीड़ित के पास आया और जेब में रखे मोबाइल को छीन कर फरार हो गया। घटना को दो युवकों ने अंजाम दिया।

**आयोजन : बेमेतरा में आयोजित संकुलस्तरीय शिक्षक-पालक मेगा बैठक में शामिल हुए विधायक**

# बच्चों के शैक्षणिक विकास में जितनी जिम्मेदारी शिक्षकों की है, उतनी ही पालकों की भी : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विकासखंड बेमेतरा में संकुलस्तरीय मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इसी के अंतर्गत संकुल स्तरीय मेगा शिक्षक पालक सम्मेलन शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विधायक दीपेश थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि मेगा पालक बैठक पालकों को विद्यालय तक जोड़ने की सरकार की सराहनीय पहल है। हमारी सरकार बच्चों का भविष्य गढ़ने हर संभव प्रयास कर रही है। श्री साहू ने कहा कि बालिकाओं को आवागमन में कोई दिक्कत ना हो उसके लिए सरस्वती सायकल योजना संचालित कर रही है, जिससे बालिकाये आसानी से स्कूल जा सकें और मन लगाकर पढ़ाई कर सकें। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में विकास के लिए तत्पर है तथा शिक्षा के क्षेत्र में कई बदलाव करते हुए कई नई चीजों का समावेश किया गया है। उन्होंने मेगा पीटीएम के 12 महत्वपूर्ण बिंदु जैसे मेरा कोना, डेली रूटीन ऑफ स्टूडेंट, एसएमसी की भूमिका आदि पर फोकस करते हुए दार्शनिक अंदाज में कहा कि शैक्षिक विकास में जितनी जिम्मेदारी शिक्षक की है उतनी ही पालक की भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से भी बात करते हुए उनको प्रेरित किया तथा उनके लक्ष्य के बारे में पूछा जिसका विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह एवं हर्ष से उत्तर दिया। मेगा बैठक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, एसडीएम धनयश्याम तंवर, राजू देवांगन ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रेमलता नेमा खुशबु ठाकुर उपाध्यक्ष, विकाश तम्बोली, डॉ भुनेश्वर साहू, गौरव साहू, डॉ. विनय साहू,मीनुपटेल , दीनानाथ साहू टिकेंद्रसाहू , अनीता मिश्रा, कविता वाजपेई प्राचार्य, रामेश्वर प्रशाद, दिनेश गौतम, थानेश्वर साहू, योगेंद्र वर्मा, डॉ पूनम साहू, रेणुका अग्रवाल, डी आर साहू , रोहिणी साहू आर बांधे (एचएम) शिक्षक गण पालकगण उपस्थित थे।



**बच्चे स्कूल की अन्य गतिविधियों में भी लें हिस्सा**

विधायक ने पालकों से अपील की कि पालक भी अपने बच्चों के लिए समय निकालें, ताकि बच्चे लक्ष्य बनाकर पढ़ाई कर सकें और अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें, तभी बच्चे डॉक्टर इंजीनियर या अन्य कोई भी सरकार नौकरी में जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि केवल पढ़ना से ही बच्चों का विकास नहीं होता, बल्कि हमें पढ़ाई के साथ साथ अन्य स्कूली गतिविधियों में भी शामिल होना चाहिए। उन्होंने स्पोर्ट बच्चे को ध्यान में रखते हुए कहा कि खेल सामग्री की कमी हमारे बच्चों को नहीं होनी चाहिए।

### जिले में शिक्षा का हिस्सा बहुत खराब, सुधार के लिए काम करें

विधायक साहू ने अधिकारियों से कहा कि बेमेतरा का शिक्षा स्तर बहुत ख़राब है। अब आगे बेमेतरा का शिक्षा स्तर टॉप फाइव में आना चाहिए। इसके लिए समस्त शिक्षक और शिक्षा विभाग अलर्ट होकर काम कीजिये जिससे हमारे जिले का रिजल्ट बेहतर आये और जिले का नाम रौशन हो।

## खैरझिटी कला में जुटे शिक्षक-पालक



**बेमेतरा।** संकुल केन्द्र खैरझिटी कला में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर शाला विकास समिति अध्यक्ष मनोज वर्मा, जनप्रतिनिधि रामवतार वर्मा एवं पालक गण गडुवा एवं श्यामपुर कांपा से तारा ध्रुवे, शारदा, सेमरिया से मोहन पटेल, बरगा से ईश्वर गंधर्व, कातलबोड़ से संतोष साहू, समेत चिचगांव , सोनचिरैया, हाटरांका से भी अभिभावक शामिल हुए।

इस दौरान सभी शिक्षकों एवं पालकों का स्वागत किया गया। स्वागत समारोह पश्चात 12 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मेगा बैठक में सभी स्कूल के शिक्षक,पालक, सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे। संकुल प्राचार्य रामस्नेही वर्मा एवं सभी शिक्षकों ने मेगा पालक बैठक के 12 बिंदुओ पर क्रमवार चर्चा करते हुए प्रकाश डाला। जिसमें मेरा कोना,छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा,बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा,बस्ता विहीन शनिवार, विद्यार्थियों की आयु, कक्षा में स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण जानकारी, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र संबंधित जानकारी,नेवता भोज, राष्ट्रीय शिक्षा नीति,एफएलएन, विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विस्तृत जानकारी दी गई। संकुल समन्वयक आनंद ताम्रकार ने शासन की योजनाओं को विस्तार से बताया। इसके साथ ही सभी को उल्लास शपथ दिलाई गई। एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी ने छायादार पेड़ रोपित किया। कार्यक्रम में पूर्व माध्यमिक शाला गडुवा प्रधान पाठक घनश्याम सिंह, प्राथमिक शाला खैरझिटी कला प्रधान पाठक रामकुमार वैष्णव, प्रधान पाठक घनश्याम सिंह भुवार्य सेमरिया, प्रधान पाठक नेमसिंह पटेल, शिक्षक सुरेश कुमार रावत, तामेश्वर, कुलेश्वर पटेल,मनहरण नेताम, संतोष कुमार यादव, शर्मा जी, रूकुम लाल साहू व्याख्याता,सुनील कुमार वर्मा व्याख्याता समेत बड़ी संख्या में पालक उपस्थित रहे।

## संकुल केन्द्र परसबोड़ में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक



**साजा।** संकुल स्तरीय पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन संकुल केन्द्र हाईस्कूल परसबोड़ में रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां वीणावादिनी की पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम में आये पालकों गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। बैठक में मुख्य 12 बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। संकुल प्राचार्य एवं कार्यक्रम के नोडल ईश्वर लाल साहू ने पालकों को शाला में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पालकों से शाला में भागीदारी और बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए आगे आने का आग्रह किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति छत्रपाल वर्मा सरपंच बंशीलाल धृतलहरे मीडिया प्रभारी परमेश्वर वर्मा अमरदास रात्रे भगवान दास देशलहरे बंशी वर्मा उपसरपंच माटरा संकुल केन्द्र प्रधानपाठक कल्याणदास बंजारे आशा बंजारे दिनेश वर्मा शिक्षक कविता वर्मा सीमा राजपूत निरजा वर्मा बुद्धिसागर वर्मा किर्ती पटेल दुर्गाप्रसाद पटेल दीपकला वर्मा मुकेश कुमार ठाकुर चुनेश्वरी कौशल ज्ञानी सोनी अजय निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अंजुलता गार्डिया व आभार प्रदर्शन व्याख्याता सबिता विश्वास ने किया।



## मानव उत्थान सेवा समिति ने बीजागोड़ स्कूल के बच्चों को प्रदान की स्टेशनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में मिशन एजुकेशन भिलाई आश्रम के अंतर्गत मानव उत्थान सेवा समिति शाखा साजा की तरफ से कक्षा 1 से कक्षा 05 तक के सभी बच्चों को स्टेशनरी सामग्री से भरा पैकेट वितरित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा हृदयानंदजी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। प्रधानपाठक विशेषर नेताम ने महात्मा हृदयानंद का स्वागत किया। महात्मा हृदयानंद ने कहा कि मानव उत्थान सेवा समिति केवल छत्तीसगढ़ में ही नहीं बल्कि पूरे भारत वर्ष में चलाया जा रहा है। इसमें हम विद्यालयों में जाकर गरीब बच्चों को जिनके माता पिता उन्हें पाठ्य सामग्री उपलब्ध नहीं करा पाते, ऐसे बच्चों को मिशन एजुकेशन के तहत प्रतिवर्ष माताजी अमृतादेवी के जन्मोत्सव के अवसर पर 01 अगस्त से 14 अगस्त तक पाठ्यसामग्री वितरित करते हैं। मानव उत्थान समिति द्वारा संस्था के सभी शिक्षकों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को श्रीफल और साहित्य भेंट किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. उत्तम जंघेल उपाध्यक्ष उगेश निर्मलकर, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, धनेश वर्मा, खुमान जंघेल, ग्रामीणजन एवं शाला परिवार प्रधानपाठक विशेषर नेताम, संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास, नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा, अजीम प्रेमजी फाउडेशन से स्वागता मैडम उपस्थित रहे। नवाचारी शिक्षिका ने चंदा सिन्हा ने आभार व्यक्त किया। मानव सेवा उत्थान समिति के कार्यकर्ता धनकुमार साहू एवं संतोषी साहू का विशेष सहयोग रहा।



## हथकरघा कृषि के बाद दूसरा सबसे ज्यादा ग्रामीण रोजगार देने वाला क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में आरएसवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र बेमेतरा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दिपेश साहू थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संदीप भंडारकर ने की। विशेष अतिथि डॉ. के.पी. वर्मा और डॉ. यू. के. ध्रुव उपस्थित थे। इस दौरान महाविद्यालय के सभी अध्यापक कर्मचारी लिनेन फ्रॉम लिनसीड स्टॉक परियोजना के बुनकर कारीगर छात्राएँ उपस्थित थे।

विधायक ने कहा कि हमारे देश की हथकरघा कृषि के पश्चात दूसरा सबसे ज्यादा ग्रामीण रोजगार देने वाला क्षेत्र है। चूंकि हमारा जिला आरंभ से ही कृषि प्रधान जिला रहा है। और अब कृषि महाविद्यालय के प्रांगण में कचरा से धन परियोजना के अंतर्गत अलसी के अनुपयोगी डंठल से उच्च गुणवत्तायुक्त प्राकृतिक कपड़ों का निर्माण टेक्सटाइल इंजीनियर श्री पिलेश्वर देवांगन के तकनीकी मार्गदर्शन से ग्रामीण महिलाओं द्वारा की जा रही है। वर्तमान में इन रेशों से साड़ी, शॉल, जैकेट, शर्ट इत्यादि ड्रेस मटेरियल बनाए जा रहे हैं। इसके तहत जिले में हथकरघा क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है और विशेषकर ग्रामीण महिलाओं के लिए स्व रोजगार का भी सृजन हो रहा है।

■ कृषि महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक दीपेश

हथकरघा भारत देश की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर है इसलिए हमारे देश के प्रधानमंत्री के आशीर्वाद से हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम थीम पर आधारित वृक्षारोपण विधायक द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आदिवासी विकास विभाग द्वारा त्रैमास माह अंतर्गत कैलेंडर वर्ष 2024-25 राहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति विभाग द्वारा वर्षवार दर्ज प्रकरण की जानकारी दी गई । इसके तहत स्वीकृत अस्वीकृत प्रकरण की जानकारी, प्राप्त अंतर्जातीय विवाह स्वीकृत/अस्वीकृत प्रकरण की जानकारी एवं दोषियों पर त्वरित कार्यवाही करने के संबंध में चर्चा की गई । इस दौरान प्राप्त अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के प्रकरणों में पीड़ित हितग्राहियों को दी गई तत्कालीन सहायता राशि की समीक्षा एवं वर्ष 2013 से आज तक दर्ज प्रकरणों की जानकारी, जिसमें पुलिस विवेचना तथा न्यायालय में चालान प्रस्तुतीकरण के साथ ही न्यायालय में लंबित व निर्णित प्रकरणों की व्यापक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराए। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दी जाने वाली राहत की भी पीड़ितों तक जानकारी पहुंचाएं, जिससे हर पीड़ित को लाभ दिया जा सके। उन्होंने अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए । बैठक में अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई, अनुसूचित जाति जनजाति के सदस्य टीआर जनार्दन, धनसाय भारती, राजेंद्र शर्मा, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे ।

**मारवाड़ी सेवा मंच ने किया आयोजन**

## राधा-कृष्ण जमात मंदिर थानखम्हरिया में शिवजी का किया गया सहस्रधारा अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

मारवाड़ी सेवा मंच द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार राधा-कृष्ण जमात मंदिर में शिव सहस्त्र धारा कार्यक्रम विधि विधान से आयोजित किया गया। नगरवासियों एवं क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए सैकड़ों शिव भक्तों की उपस्थिति में शिव अभिषेक किया गया। आचार्य ओम प्रकाश जोशी, वेद प्रकाश जोशी ,श्रीकांत जोशी ,महंत बसंत दास वैष्णव, रामचंद्र दास वैष्णव, विपिन शर्मा ,ज्ञान प्रकाश जोशी ने विधि विधान से अभिषेक कराया। इसमें सैकड़ों शिव भक्तों उपस्थित थे। मुख्य यजमान राम अग्रवाल ने सपत्नीक अभिषेक किया।



आचार्य पंडित ओम प्रकाश जोशी ने शिव अभिषेक का महत्व बताते हुए बताया कि रुद्राभिषेक के दौरान शिवलिंग का पवित्र स्नान किया जाता है। अभिषेक को सनातन धर्म में सबसे प्रभावशाली और चमत्कारी पूजा मानी गई है। रुद्राभिषेक करने से भगवान शिव जल्द प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों के सभी दुखों को दूर करते हैं। वैसे तो रुद्राभिषेक कभी भी किया जा सकता है यह हमेशा शुभ फलदाई होता है, लेकिन सावन मास में इसका महत्व बढ़ जाता है। भगवान शिव का विधि विधान से पूजा करने पर ग्रह नक्षत्र की बाधाएं दूर होती है। साथ ही रोगों परेशानियों से मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर मारवाड़ी सेवा मंच द्वारा भोजन प्रसादी कराया गया। इस अवसर पर महंत बसंत दास वैष्णव,अनिल सिंघानिया, शुभम केडिया, पंकज अग्रवाल, आशिष बंसल, हितेश कागलिवाल, मुकेश सिंघानिया, शिवेंद्र विंदल, नरसिंह केडिया, घनश्याम अग्रवाल ,अतुल सिंघानिया, संजय सिंघानिया, प्रदीप सिंघानिया, श्यामा सिंघानिया ,सुरेश सिंघानिया ,विजय बंसल, दीपक बंसल, ईश्वर बंसल, विशेष पचेरीवाला, राजेंद्र बिंदल, हरिश्चंद्र डोकनिया, महेश केडिया, सुभाष सिंघानिया, राजेश सिंघानिया सहित शिवभक्त उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2024
14 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2024
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411